पटना विश्वविद्यालय

सूचना

पटना विश्वविद्यालय के विभिन्न विषयों के स्नातक (रेगुलर) कोर्स में नामांकन हेतु पहली मेधा सूची 08 जून 2026 को जारी की जाएगी। जिन आवेदकों का मेरिट लिस्ट में नाम है वे निम्नलिखित दिशा-निर्देश का अनुपालन करें:-

1. जिन आवेदकों (छात्र/छात्रा) का नाम मेधा सूची में है वे इसे विश्वविद्यालय के वेबसाइट- www.pup.ac.in पर अपने लॉगइन आई.डी. एवं पासवर्ड की मदद से देख सकेंगे।
2. अलॉटमेन्ट लेटर में अंकित नामांकन शुल्क जमा करेंगे।
3. फी पेमेन्ट के बाद अलॉटमेन्ट लेटर, पेमेन्ट स्लिप एवं आवेदन पत्र डाउनलोड करें।
4. उपरोक्त तीनों कागजात (अलॉटमेन्ट लेटर, पेमेन्ट स्लिप, आवेदन पत्र) के साथ अपना चार पासपोर्ट साईज फोटो, सभी मूल प्रमाण-पत्र (सभी मूल प्रमाण-पत्र का एक छाया प्रति भी ले जाएँ) सहित अलॉटमेन्ट लेटर में अंकित महाविद्यालय समय पर पहुँच कर नामांकन कराएँ।
5. यदि किसी छात्र को नामांकन हेतु उनका पसंदीदा विषय नहीं मिला हो तो वैसे छात्र नामांकन करवाने के तुरंत बाद अपने लॉगइन आई.डी. एवं पासवर्ड की मदद से पोर्टल पर लॉगइन होंगे जहाँ उन्हें अपग्रेडेशन का विकल्प मिलेगा।
6. अपने अपग्रेडेशन का विकल्प चुनने के पश्चात अगली सूची में सीट उपलब्ध रहने पर अपग्रेडेशन की संभावना रहेगी।
7. दिनांक 09 जून से 12 जून 2026 के बीच प्रथम मेधा सूची में चयनित छात्रों के काउंसेलिंग और नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।
8. रिक्त सीट पर नामांकन के लिए दूसरी मेधा सूची दिनांक 15 जून 2026 को जारी की जाएगी जिसकी काउंसेलिंग और एडमिशन की प्रक्रिया 16 जून 2026 से 19 जून 2026 के बीच संपन्न होगी।
9. नामांकन हेतु तीसरी मेधा सूची दिनांक 21 जून 2026 को जारी की जाएगी जिसकी काउंसेलिंग और नामांकन की प्रक्रिया 23 जून 2026 से 26 जून 2026 के बीच संपन्न होगी।
10. स्नातक (रेगुलर) पाठ्यक्रम के विषयों में नवनामांकित छात्र/छात्राओं हेतु इंडक्सन मीट 01 जुलाई 2026 को संबंधित महाविद्यालय में आयोजित किया जाएगा।
11. स्ववित्तपोषित विषयों में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा दिनांक 20 से 22 जून 2026 के बीच आयोजित की जाएगी, परीक्षा केन्द्र का नाम प्रवेश-पत्र पर अंकित रहेगा। उक्त परीक्षा का परिणाम 25 जून 2026 को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा तथा प्रथम मेधा सूची 30 जून 2026 को जारी की जाएगी। प्रथम मेधा सूची में चयनित अभ्यर्थियों का नामांकन 01 से 04 जुलाई 2026 के बीच संबंधित महाविद्यालय में होगा। सीट रिक्त रहने पर दूसरी मेधा सूची 07 जुलाई 2026 को जारी की जाएगी तथा नामांकन

08 से 11 जुलाई 2026 के बीच संबंधित महाविद्यालय में होगा। सीट रिक्त रहने पर स्पॉट राउंड 14 जुलाई 2026 को होगा। इंडक्सन मीट 15 जुलाई 2026 को संबंधित महाविद्यालय में आयोजित किया जाएगा।

12. काउंसेलिग का समय प्रात: 10.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक है।
13. सभी चयनित आवेदकों को निर्धारित तिथि और समयावधि में ही अपना नामांकन करवाना होगा। जो छात्र/छात्राएँ काउंसेलिंग हेतु निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित नहीं होंगे, अगले राउंड के लिए उनकी दावेदारी स्वतः समाप्त हो जाएगी।
14. सभी महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रतिदिन किए गए **validation** का प्रतिवेदन प्रो० रजनीश कुमार, नामांकन प्रभारी, को संकायाध्यक्ष कार्यालय में अपराह्न में देंगे।
15. काउंसेलिंग/नामांकन के लिए सभी प्रधानाचार्यों को लिंक भेजा जाएगा।
16. आवेदकों को निर्देश दिया जाता है कि वे प्रतिदिन पटना विश्वविद्यालय का वेबसाइट देखते रहें।

Sports Quota के आवेदकों का ट्रायल 30 जून 2026 को सम्बन्धित महाविद्यालय में होगा। Fine Arts के आवेदकों का ट्रायल 02 जुलाई 2026 को सम्बन्धित महाविद्यालय में होगा। अगर सीट रिक्त रहेगा तो 06 जुलाई 2026 को Spot round होगा। Staff Quota तथा Military Quota का नामांकन 30 जून 2026 को होगा।

आवेदन में संशोधन हेतु विंडो 04 जून से 06 जून तक खुला रहेगा, जिन्हें अपने आवेदन में संशोधन करना हो, इस अवधि में कर सकते हैं।

कुलपति के आदेश से

Shalini
04-6-2026
कुलसचिव
पटना विश्वविद्यालय, पटना।
दिनांक: 04.06.2026

ज्ञाप संख्या- Adm/322

प्रतिलिपि- 1. सभी संकायों के अध्यक्ष, पटना विश्वविद्यालय, 2. सभी स्नातकोत्तर विभागों के अध्यक्ष, पटना विश्वविद्यालय, 3. सभी महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य, पटना विश्वविद्यालय, 4. सभी संस्थानों के निदेशक, पटना विश्वविद्यालय, 5. सभी पदाधिकारी, पटना विश्वविद्यालय, 6. प्रोफेसर इन चार्ज, आई.क्यू.ए.सी सेल, पटना विश्वविद्यालय 7. प्रोफेसर इन चार्ज, आई.टी. सेल, पटना विश्वविद्यालय (को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड किए जाने हेतु), 8. नामांकन कार्य कर रही ऑटोमेशन एजेंसी, 9. सभी प्रशाखा पदाधिकारी, पटना विश्वविद्यालय, 10. निजि सहायक, कुलपति, पटना विश्वविद्यालय, 11. निजि सहायक, कुलसचिव, पटना विश्वविद्यालय, 12. निजि सहायक, उपकुलसचिव पटना विश्वविद्यालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Shalini
04-6-2026
कुलसचिव
पटना विश्वविद्यालय, पटना।